
# स्व-निर्देशित मार्गदर्शिका पुस्तक

# हिन्दी



LEGISLATIVE ASSEMBLY
*of* BRITISH COLUMBIA




पार्लियामेंट बिल्डिंग में आपका स्वागत है, जहां ब्रिटिश कोलंबिया की विधानसभा स्थित है, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधि - जिन्हें विधानसभा सदस्य या विधायक कहा जाता है- ब्रिटिश कोलंबिया को नियंत्रित करने वाले कानूनों पर बहस और उन्हें पारित करके प्रांत के भविष्य को आकार देने के लिए मिलते हैं।

पार्लियामेंट बिल्डिंग और आस-पास के क्षेत्र लेक्वुंगएन-भाषी (उच्चारण ले-कुंग-एन) लोगों के पारंपरिक क्षेत्रों में स्थित हैं। अब सोंघीज और एस्क्विमाल्ट नेशंस के रूप में जाने जाने वाले इन कोस्ट सैलिश लोगों की संस्कृति और इतिहास हजारों साल पुराना है।

हमें उम्मीद है कि आप अपनी यात्रा का आनंद लेंगे।

## निचली मंजिल

इस मंजिल तक पहुंचने के लिए आपको आगंतुक पास लेना होगा। कृपया सहायता के लिए पूछें।

- पार्लियामेंट्री डायनिंग रूम (रिजर्वेशन के लिए 250.387.3959 पर कॉल करें)
- सुलभ प्रवेश/निकास

## मुख्य मंजिल

- टूर डेस्क
- सिक्योरिटी रिसेप्शन
- पार्लियामेंट्री गिफ्ट की दुकान
- सार्वजनिक शौचालय
- फव्वारा

## दूसरी मंजिल

- चेंज टेबल के साथ सुलभ और जेंडर-न्यूट्रल शौचालय

## तीसरी मंजिल


यह मंजिल केवल तभी खुली रहती है जब विधानसभा की बैठक हो रही हो।

- पब्लिक गैलरी

## यदि आपके कोई प्रश्न हों या आपको सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया हमारे स्टाफ़ के किसी सदस्य से पूछें।

- सुरक्षा सेवा कर्मचारी फर्स्ट-एड में प्रशिक्षित हैं।
- सुरक्षा रिसेप्शन पर एक खोया-पाया सामान स्थान है।
- आगंतुकों के उपयोग के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध हैं।

# मुख्य मंजिल




## 1 द लोअर रोटुंडा

निचले गोलाकार भवन से, मुख्य गुंबद का अंदरूनी हिस्सा 30.5 मीटर (100 फीट) की ऊंचाई तक फैला हुआ है। गुंबद के ऊपर कैप्टन जॉर्ज वैंकूवर की दो मीटर ऊंची मूर्ति है। यह मूर्ति तांबे से बनी है और 14 कैरेट सोने से मढ़ी गई है।

कमरे के बीच में हाथ से बनाई गई एक मूल इतालवी मोज़ेक है। मोजेक पर रखी गयी है *श्वेटीटोस्टेल* (उच्चारण: श्वे-टी-टोस्टेल), जो एक पारंपरिक अंतर्देशीय नदी डोंगी है, जिसे ब्रिटिश कोलंबिया के 28वें लेफ्टिनेंट गवर्नर माननीय स्टीवन पॉइंट, और क्वागुल्थ के वंशानुगत प्रमुख और दक्ष नक्काशीकर्ता टोनी हंट द्वारा उकेरा गया है। *श्वेटीटोस्टेल* का अर्थ हल्क'एमाइलम में "नदी पार करने के लिए एक सुरक्षित स्थान" है और यह लोगों के बीच एक पुल के विचार का प्रतिनिधित्व करता है।







## 2 हॉल ऑफ ऑनर

हॉल ऑफ ऑनर का इस्तेमाल पूरे साल कार्यक्रमों, स्वागत समारोहों और राजकीय घोषणाओं के आयोजन के लिए किया जाता है। इस कक्ष में नियमित रूप से विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है।



## 3 डायमंड जुबली झरोखा


इस झरोखे का निर्माण 1897 में महारानी विक्टोरिया के शासनकाल के 60वें वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया गया था। इसका निर्माण लीड्स, यू.के. स्थित पॉवेल ब्रदर्स लिमिटेड द्वारा किया गया था, जिन्होंने पार्लियामेंट बिल्डिंग की सीढ़ियों और सार्वजनिक क्षेत्रों में कई अन्य झरोखे भी बनाए थे।



## 4 गोल्डन जुबली झरोखा

यह झरोखा 2002 में महारानी एलिजबेथ द्वितीय के शासनकाल के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में बनाया गया था। इसे दो स्थानीय कारीगरों, एडवर्ड शेफर और थॉमस मर्सर द्वारा तैयार किया गया था, और इसमें कई प्रांतीय प्रतीकों को दर्शाया गया है, जिसमें प्रांतीय पक्षी (स्टेलर जे), प्रांतीय मछली (पेसिफिक सैलमन), और प्रांतीय रत्न (जेड) शामिल हैं।

# दूसरी मंजिल




## 5 द मेमोरियल रोटुंडा

द मेमोरियल रोटुंडा ब्रिटिश कोलंबियाई लोगों को समर्पित है जिन्होंने अपना जीवन कैनेडा को समर्पित कर दिया। ब्रिटिश कोलंबिया और कैनेडा के ध्वज , साथ ही व्हाइट एनसाइन और किंग्स कलर को ऊपर प्रदर्शित किया गया है।



दीवारों को टेनेसी संगमरमर और 23 कैरेट सोने के पत्तरों से सजाया गया है। टेराजो फ्लोर को इटली से लाये गये संगमरमर और ग्रेनाइट के टुकड़ों से बनाया गया है।

छत पर ऐसी पेंटिंग बनायी गयी हैं जो ब्रिटिश कोलंबिया में ऐतिहासिक महत्व के उद्योगों: कृषि, मछली पकड़ना, वानिकी और खनन को दर्शाती हैं। 1935 में जॉर्ज साउथवेल द्वारा चित्रित, इन पेंटिंग को 1952 तक नहीं लगाया जा सका था।

## 6 सेरेमोनियल एंट्रेंस




सेरेमोनियल एंट्रेंस का उपयोग प्रत्येक वर्ष लेफ्टिनेंट गवर्नर द्वारा किया जाता है, जो ब्रिटिश कोलंबिया में सम्राट के प्रतिनिधि हैं, जब वे संसद के नए सत्र का प्रारंभ करने के लिए आते हैं। इसका उपयोग विशेष अवसरों के लिए भी किया जाता है, जैसे 1998 में, जब चीफ जोसेफ गोस्नेल *निसगा फाइनल एग्रीमेंट एक्ट* पर बहस के दौरान विधानसभा को संबोधित करने के लिए आए थे।

## 7 मेंबर्स लॉबी



लाख से पुताई किये गये पीतल के "गोल्डन गेट" मेंबर्स लॉबी और लेजिस्लेटिव चैंबर के प्रवेश द्वार की ओर जाते हैं। दीवारों पर लगी पट्टिकाओं पर उन सभी विधायकों के नाम प्रदर्शित हैं, जिन्होंने 1871 में बी.सी. के कैनेडा का प्रांत बनने के बाद से सेवा की है।

# 8 लेजिस्लेटिव चैंबर



ब्रिटिश कोलंबिया की लेजिस्लेटिव असेंबली 93 सदस्य (विधायक) होते हैं, जो प्रांत के 93 निर्वाचन जिलों से चुने जाते हैं। चुनाव हर चार साल में अक्टूबर के तीसरे शनिवार को आयोजित किए जाते हैं।

प्रस्तावित कानून का अध्ययन, बहस और मतदान करके विधायक ब्रिटिश कोलंबियाई लोगों की ओर से काम करते हैं। वे सरकार के वार्षिक व्यय प्रस्तावों की जांच करते हैं और उन्हें मंजूरी देते हैं और सरकारी योजनाओं और गतिविधियों के बारे में सवाल पूछते हैं। विधायक अपने मतदाताओं के विचारों का प्रतिनिधित्व करके, चिंता के स्थानीय मुद्दों को उठाकर और अपने जिले के लोगों को सरकारी कार्यक्रमों और सेवाओं तक पहुंचने में मदद करके जनता और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में भी काम करते हैं।

जब भी विधानसभा की बैठक होती है, तो आगंतुकों को सार्वजनिक गैलरी से कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। जो लोग व्यक्तिगत रूप से नहीं आ सकते, वे इसे ऑनलाइन, टेलीविजन पर देख सकते हैं या पूरी शाब्दिक प्रतिलिपियां पढ़ सकते हैं।



## मेस (गदा)

गदा विधानसभा के अधिकार के प्रतीक के रूप में कार्य करती है और विधानसभा के कामकाज के संचालन के लिए क्लर्क की मेज पर मौजूद रहनी चाहिए। वर्तमान गदा, जो प्रांत के इतिहास में तीसरी है, 1954 से उपयोग में है और यह चांदी से बनी है और 24 कैरेट सोने से मढ़ी हुई है।

## सदस्यों के डेस्क

चैंबर को फ्लोर के दोनों ओर डेस्क की पंक्तियों में विभाजित किया गया है। परंपरागत रूप से, सरकार स्पीकर के दाईं ओर बैठती है और विपक्षी दल स्पीकर के बाईं ओर बैठते हैं। सरकारें उस राजनीतिक दल द्वारा बनाई जाती हैं जिसे विधायकों के बहुमत का समर्थन प्राप्त होता है। उस पार्टी के नेता को प्रीमियर के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है और वह प्रांतीय सरकार का प्रमुख होता है।



## टॉकिंग स्टिक

टॉकिंग स्टिक को सोंघीज नेशन के जेम्स डेलोर्मे ने बनाया था और इसे 2016 में एक विशेष आशीर्वाद समारोह में विधानसभा के अध्यक्ष को भेंट किया गया था। चैंबर में इसकी उपस्थिति सुलह की चल रही प्रक्रिया में सम्मानजनक संवाद की आवश्यकता की याद दिलाती है।



## स्पीकर

स्पीकर एक विधायक होता है जिसे अन्य विधायकों द्वारा बहस की अध्यक्षता करने के लिए चुना जाता है। अध्यक्ष तटस्थ होता है और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होता है कि सभी विधायकों, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, के साथ अच्छी तरह से और निष्पक्ष व्यवहार किया जाए।

# संपत्ति का इतिहास

पार्लियामेंट बिल्डिंग और आस-पास के क्षेत्र एस्क्विमाल्ट और सोंघीज नेशंस के पारंपरिक क्षेत्रों में स्थित हैं, जो हज़ारों सालों से इस क्षेत्र में रहते चले आए हैं। 2007 में, इस संपत्ति से संबंधित भूमि दावों को निपटाने के लिए एस्क्विमाल्ट और सोंघीज नेशंस और बी.सी. तथा कैनेडियन सरकारों के बीच एक समझौता हुआ था।

## द बर्डकेज़ेज

यह संपत्ति 1859 से सरकार की संपत्ति के रूप में काम कर रही है, जब वैंकूवर द्वीप के ब्रिटिश उपनिवेशों के लिए औपनिवेशिक प्रशासन भवनों पर निर्माण शुरू हुआ था। उन्हें आमतौर पर "बर्डकेज" के रूप में जाना जाता है, यह नाम उन्हें उनकी अनूठी वास्तुकला शैली के कारण दिया गया है।

छह बर्डकेज इमारतों का उपयोग 1871 में बी.सी. के कैनेडा में शामिल होने के बाद भी जारी रहा, लेकिन बढ़ते प्रांत की जरूरतों के लिए जल्दी ही यह बहुत छोटा हो गया। 1892 में, नई पार्लियामेंट बिल्डिंग के लिए एक डिजाइन का चयन करने के लिए एक वास्तुकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रस्तुत किए गए 65 चित्रों के सेट में से, 25 वर्षीय वास्तुकार, फ्रांसिस मावसन रैटनबरी के चित्रों का चुनाव किया गया।

नई पार्लियामेंट बिल्डिंग के निर्मित हो जाने के बाद अधिकांश मूल इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया था। एकमात्र बची हुई इमारत को संपत्ति के पीछे ले जाया गया और 1957 में जल जाने तक इसे खनिज संग्रहालय सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिए इसका उपयोग किया गया।



तस्वीर A-00934 बी.सी. अभिलेखागार के सौजन्य से

# पार्लियामेंट बिल्डिंग

पार्लियामेंट बिल्डिंग फ्रांसिस रैटनबरी के लिए पहला प्रमुख कमीशन था, जिन्होंने 1892 में वैंकूवर आने से पहले इंग्लैंड में अपने अंकल की वास्तुशिल्प फर्म में प्रशिक्षु के तौर पर काम किया था। उन्होंने ब्रिटिश कोलंबिया में कई और ऐतिहासिक इमारतों का डिजाइन तैयार किया, जिसमें एम्प्रेस होटल भी शामिल है।

पार्लियामेंट बिल्डिंग का निर्माण 1893 में शुरू हुआ और 1897 के अंत तक पूरा हो गया। इसे आधिकारिक तौर पर 10 फरवरी, 1898 को खोला गया। 1913 और 1920 के बीच कई अतिरिक्त निर्माण पूरे किए गए। निर्माण की कुल लागत $2 मिलियन से थोड़ी अधिक थी।

1970 के दशक की शुरुआत तक, पार्लियामेंट बिल्डिंग काफी खराब हो गयी थी और उसे मरम्मत की जरूरत थी। तत्कालीन सरकार ने पार्लियामेंट बिल्डिंग को उसके पूर्व गौरव को बहाल करने और उसे लेजिस्लेटिव असेंबली और विधायकों की जरूरतों के लिए बेहतर ढंग से अनुकूल बनाने के लिए एक दशक लंबी नवीकरण परियोजना शुरू की।



तस्वीर M00098 विक्टोरिया शहर अभिलेखागार के सौजन्य से



तस्वीर A-02774 बी.सी. अभिलेखागार के सौजन्य से

# स्व-निर्देशित मार्गदर्शिका पुस्तक
# हिन्दी



कृपया लेजिस्लेटिव असेंबली की वेबसाइट पर जाएं:
विधायकों की भूमिका के बारे में अधिक जानें।
अपने विधायक की जीवनी और संपर्क जानकारी पाएं।
वीडियो देखें या बहस की प्रतिलिपियां पढ़ें।
देखें कि विधानसभा में कौन से विधेयक पेश किए गए हैं।
पार्लियामेंट्री कैलेंडर देखें।

**leg.bc.ca**

Self-Directed Guide Book [Hindi] 09/2024